# संजीव अरोड़ा की कोशिशों से हलवारा एयरपोर्ट आज से होगा शुरू

## मार्च से उड़ानें होंगी शुरू, एयर इंडिया को वायुसेना से मंजूरी, लुधियाना व आसपास के उद्योगों को मिलेगा लाभ

समर न्यूज़ | लुधियाना

लगभग 30 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद हलवारा एयरपोर्ट आखिरकार परिचालन के लिए तैयार हो गया है। टर्मिनल भवन का वर्चुअल उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1 फरवरी को किया। इस उपलब्धि के पीछे पंजाब सरकार में कैबिनेट मंत्री और पूर्व राज्यसभा सांसद संजिव अरोड़ा की वर्षों तक चली सतत पहल और समन्वय को अहम माना जा रहा है। एयरपोर्ट से उड़ानों की शुरुआत मार्च 2026 के पहले सप्ताह से होने की उम्मीद है, जिसके लिए एयर इंडिया को भारतीय वायुसेना से आवश्यक मंजूरी मिल चुकी है।

हलवारा एयरपोर्ट को चालू कराने की प्रक्रिया में अरोड़ा ने केंद्र और राज्य सरकार, नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) तथा एयरलाइनों के साथ लगातार संवाद बनाए रखा।

22 नवंबर 2022 को मुख्यमंत्री स्तर पर हस्तक्षेप से रुकी हुई परियोजना को दोबारा गति मिली और 11 दिसंबर 2022 को निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए 50 करोड़ रुपये जारी किए गए। 17 जनवरी 2023 को सांसद संजिव अरोड़ा ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय से दिल्ली–लुधियाना उड़ानें बहाल करने की मांग की, जिसके बाद अप्रैल और मई 2023 में एयरलाइनों से संपर्क कर परियोजना शीघ्र पूरी करने पर जोर दिया गया। अगस्त 2023 में नागरिक उड्डयन सचिव से मंजूरी मिलने और स्थल निरीक्षण



मंत्री संजीव अरोड़ा अधिकारियों से बातचीत करते हुए। -समर न्यूज़

के बाद 2024 में निर्माण प्रगति की नियमित समीक्षा, अंतरिम टर्मिनल के उद्घाटन का अनुरोध तथा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, पीडब्ल्यूडी और वायुसेना के साथ निरीक्षण किए गए। उसी वर्ष टाटा संस के प्रमुख से बातचीत और एयर इंडिया के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात के जरिए उड़ानों का रास्ता साफ हुआ। 2025 में एयरपोर्ट को HWR कोड मिला, अंतिम चरण के कार्य पूरे हुए और मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने साहनेवाल से उड़ानें हलवारा स्थानांतरित करने का आग्रह किया। जून 2025 तक टर्मिनल का ढांचा और इंटीरियर तैयार हो गया, हालांकि जुलाई में उद्घाटन तकनीकी कारणों से टल गया। इसके बाद राज्यसभा में मुद्दा उठने, एयर इंडिया से सप्ताह में पांच दिन संचालन की मंजूरी मिलने और जनवरी 2026 में सुरक्षा ऑडिट पूरा हुआ और बीसीएएस से अंतिम परिचालन स्वीकृति मिली। इसके बाद प्रधानमंत्री कार्यालय से 1 फरवरी को उद्घाटन की पुष्टि हुई। इस पूरी कवायद में राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के मार्गदर्शन का भी उल्लेख किया गया है। अरोड़ा ने कहा कि हलवारा एयरपोर्ट के चालू होने से पंजाब, खासकर लुधियाना और आसपास के औद्योगिक जिलों को सीधा फायदा होगा। यह क्षेत्र उत्तर भारत के प्रमुख मैन्युफैक्चरिंग हब्स में गिना जाता है और बेहतर हवाई कनेक्टिविटी से यहां निर्यात, निवेश और व्यापारिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

हलवारा टर्मिनल करीब 2,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में विकसित किया गया है और इसकी क्षमता प्रतिदिन लगभग 2,500 यात्रियों को संभालने की है। एयर इंडिया ने शुरुआत में सप्ताह में पांच दिन उड़ानें चलाने की योजना बनाई है, जिसे बाद में सातों दिन करने पर विचार किया जा रहा है। नए एयरपोर्ट से यात्रियों का समय बचेगा और पहले साहनेवाल एयरपोर्ट पर निर्भरता कम होगी।

विशेषज्ञों का मानना है कि हलवारा एयरपोर्ट के चालू होने से न केवल उद्योग जगत को राहत मिलेगी, बल्कि पर्यटन, लॉजिस्टिक्स और क्षेत्रीय विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। वर्षों से लंबित इस परियोजना का पूरा होना पंजाब के बुनियादी ढांचे के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है और इसे राज्य की आर्थिक प्रगति की दिशा में अहम कदम के रूप में देखा जा रहा है।

# द समर न्यूज़ के वीडियो जर्नलिस्ट नीलकमल मोनू की माता रचना देवी पंचतत्व में विलीन

## पुत्र नीलकमल मोनू ने दी चिता को मुखाग्नि



दिवंगत रचना देवी

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

द समर न्यूज़ के वीडियो जर्नलिस्ट नीलकमल (मोनू) की माता दिवंगत रचना देवी का शनिवार सुबह लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।



श्मशान घाट में अंतिम संस्कार के दौरान परिवार। -समर न्यूज़

दिवंगत रचना देवी का अंतिम संस्कार शनिवार को गिल चौक दाना मंडी स्थित श्मशान घाट में किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान उनके पुत्र नीलकमल (मोनू) ने चिता को मुखाग्नि दी।

अंतिम यात्रा में मीडिया जगत, सामाजिक, राजनीतिक एवं उद्योग जगत से जुड़े अनेक लोग शामिल हुए और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। इस मौके पर समर न्यूज़ परिवार से एमडी अर्शदीप समर, ब्यूरो चीफ दलजीत विक्की, रविंदर, कुमार, मनिंदर सिंह लाडी, गौरव शर्मा, सुखविंदर सिंह सुख, लक्की भट्टी, आप नेता सुरिंदर कल्याण, वरिष्ठ पत्रकार अश्वनी जेटली, वरिष्ठ फोटोग्राफर नीलकमल शर्मा, इंदरजीत वर्मा, शिव शंकर सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# लायलपुर स्वीट्स का शटर तोड़कर दुकान में घुसे चोर

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़

शहर के सबसे सुरक्षित और पॉश माने जाने वाले मॉडल टाउन इलाके में चोरों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। शुक्रवार सुबह बाइक सवार बेखौफ चोरों ने मशहूर मिठाई की दुकान लायलपुर स्वीट्स को निशाना बनाते हुए शटर तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर महज कुछ ही मिनटों में गल्ले में रखी करीब 15 हजार रुपये की नकदी लेकर फरार हो गए। पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। दुकान मालिक ने मामले की शिकायत थाना मॉडल टाउन की पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जानकारी देते हुए लायलपुर स्वीट्स के मालिक कपिल खरबंदा ने बताया कि रोजाना उनके वर्कर दुकान खोलते है। शुक्रवार की सुबह करीब 7 बजे उन्हें



उनके वर्कर का फोन आया, जिसने बताया कि दुकान का शटर टूटा हुआ है और सामने का कांच बिखरा पड़ा है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे। अंदर जाकर देखा तो काउंटर के पास रखा गल्ला टूटा हुआ था और उसमें रखी नकदी गायब थी। जिसके बाद उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू की। जिसमे सामने आया कि दो युवक पल्सर बाइक पर सवार होकर दुकान के बाहर रुके। एक युवक के हाथ में लकड़ी का भारी डंडा था, जिससे उसने शटर को ऊपर की ओर झटका देकर कांच तोड़ दिया और नीचे से दुकान के अंदर घुस गया। अंदर जाते ही चोर सीधे काउंटर तक पहुंचा, गल्ला तोड़ा और नगदी इकट्ठी कर अपने साथी के साथ फरार हो गया।

# पुलिस कॉन्स्टेबल की गोली लगने से मौत

## लग्जरी कार शोरूम की सुरक्षा ड्यूटी के दौरान गर्दन में लगी गोली

- पिता की मौत के बाद अनुकंपा के आधार पर मिली थी नौकरी

सुनील, अशवनी | लुधियाना
समर न्यूज़

मुल्लापुर में एक पुलिस कॉन्स्टेबल की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान 25 वर्षीय अनोज मसीह के रूप में हुई है, जो गुरदासपुर जिले के गांव लक्खा कलां का निवासी था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कॉन्स्टेबल को गर्दन के पास गोली लगी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना मुल्लापुर समेत पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। इसके साथ ही फॉरेंसिक विभाग की टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल लुधियाना भेज दिया। जानकारी के अनुसार, अनोज मसीह की ड्यूटी मुल्लापुर स्थित आरएसी (RAC) लग्जरी कार शोरूम की सुरक्षा में लगी हुई थी। शोरूम मालिक को कुछ समय पहले एक गैंगस्टर द्वारा रंगदारी की धमकी मिली थी। इसके बाद शोरूम पर फायरिंग की घटना भी सामने आई थी, जिसके चलते पुलिस ने शोरूम के बाहर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करते हुए दो पुलिस मुलाजिम तैनात किए थे। शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे, अनोज मसीह अपने एक अन्य साथी मुलाजिम के साथ शोरूम परिसर में कार में बैठा हुआ था। इसी दौरान उसने अपने साथी को पानी लाने के लिए भेजा। कुछ ही देर बाद गोली चलने की आवाज सुनाई दी। जब साथी वापस लौटा तो उसने देखा कि अनोज मसीह कार की सीट पर खून से लथपथ औंधे मुंह गिरा पड़ा था। इसके बाद तुरंत मामले की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई। सूचना मिलते ही थाना दाखा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

बताया जा रहा है कि कॉन्स्टेबल अनोज मसीह को अपने पिता के निधन के बाद अनुकंपा के आधार पर पुलिस विभाग में नियुक्ति मिली थी। उसकी अचानक हुई मौत से परिवार और पुलिस महकमे में शोक का माहौल बना हुआ है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि गोली कॉन्स्टेबल के सर्विस हथियार से ही चली है, हालांकि इस संबंध में अभी तक किसी स्तर पर आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। वही इस मामले को लेकर मुल्लापुर के डीएसपी वरिंदरजीत सिंह खोसा ने बताया कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया था, जहा घटनास्थल से आवश्यक सबूतों को इकट्ठा कर जांच शुरू कर दी गई है। वही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, मृतक के परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। वही पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण स्पष्ट हो पाएंगे।

# इंडिया एग्री एक्सपो में दिखा लोगों का उत्साह

रविंदर | लुधियाना
समर न्यूज़

इंडिया एग्री एक्सपो के दूसरे दिन विज़िटर्स का ज़बरदस्त रिस्पॉन्स देखा गया, विज़िटर्स की संख्या 30,000 को पार कर गई, जो किसानों, एग्रीकल्चर प्रोफेशनल्स और स्टेकहोल्डर्स की मॉडर्न एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में बढ़ती दिलचस्पी को दिखाता है। एक्सपो में माननीय मंत्री हरदीप सिंह मुंडियन भी आए, जिन्होंने अलग-अलग स्टॉल्स देखे और एग्ज़िबिटर्स से बातचीत की।

मंत्री ने एक्सपो में दिखाए गए इनोवेटिव और किसान-केंद्रित प्रोडक्ट्स की बड़ी रेंज की तारीफ़ की और ऑर्गनाइज़र्स के बेहतरीन इंतज़ामों और कुशल मैनेजमेंट की तारीफ़ की। उन्होंने एडवांस्ड



एग्रीकल्चरल सॉल्यूशंस को बढ़ावा देने और किसान समुदाय को सपोर्ट करने में ऐसे प्लेटफॉर्म्स के महत्व पर ज़ोर दिया। रणजीत सिंह ढिल्लों पूर्व विधायक और मनप्रीत सिंह अयाली विधायक लुधियाना ने एक्सपो का दौरा किया और डिस्प्ले पर रखे प्रोडक्ट्स की क्वालिटी और प्रोड्यूस की क्वालिटी की तारीफ़ की। देश भर के एग्ज़िबिटर्स ने एडवांस्ड एग्रीकल्चरल मशीनरी, स्मार्ट फार्मिंग सॉल्यूशंस और इनोवेटिव एग्री-इनपुट प्रोडक्ट्स की अलग-अलग रेंज दिखाई। इन प्रोडक्ट्स ने अपनी क्वालिटी, प्रैक्टिकल इस्तेमाल और भारतीय खेती के हालात के हिसाब से सही होने की वजह से विज़िटर्स का ध्यान खींचा। इनसे प्रोडक्टिविटी बढ़ाने और खेती की लागत कम करने के असरदार तरीके मिले। एक्सपो में आए किसानों ने एग्ज़िबिशन देखने और एक्सपर्ट्स से बातचीत करने के बाद बहुत खुशी और संतुष्टि जताई। उन्होंने एक्सपो में मौजूद लाइव डेमोंस्ट्रेशन, नई टेक्नोलॉजी और एक्सपर्ट गाइडेंस की तारीफ़ की और कहा कि दिखाए गए प्रोडक्ट्स खेती की एफिशिएंसी और इनकम को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

# मंदिर प्रांगण हरे कृष्ण महामंत्र, हरिबोल और निताई-गौर हरि बोल के जयकारों से गूंज उठा

रविंदर | लुधियाना
समर न्यूज़

नित्यानंद त्रयोदशी के पावन अवसर पर इस्कॉन मंदिर सिविल लाइंस में भक्तिमय वातावरण में भगवान नित्यानंद प्रभु का भव्य अभिषेक समारोह संपन्न हुआ। इस पावन आयोजन का नेतृत्व मंदिर के अध्यक्ष श्री नरोत्तमानंद दास प्रभुजी ने किया। कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण, हरिनाम संकीर्तन और विशेष पूजा-अर्चना के साथ भगवान का दुग्ध, दही, घी, मधु और फलों के रस से पंचामृत अभिषेक किया गया। अभिषेक के समय मंदिर प्रांगण "हरे कृष्ण महामंत्र", "हरिबोल" और "निताई-गौर हरि बोल" के जयकारों से गूंज उठा,



जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिरस में सराबोर हो गया। इस अवसर पर भगवान नित्यानंद प्रभु को 108 प्रकार के भोग अर्पित किए गए। वहीं इस्कॉन युवा मंच द्वारा नाट्य प्रस्तुति देकर भक्तों को श्री नित्यानंद प्रभु के जीवन और संदेश से अवगत कराया गया। अपने संबोधन में नरोत्तमानंद दास प्रभुजी ने श्री नित्यानंद प्रभु के दिव्य चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नित्यानंद प्रभु करुणा के साक्षात स्वरूप हैं और उनके स्मरण मात्र से ही जीवन में भक्ति, प्रेम और वैराग्य का उदय होता है। उन्होंने कहा कि नित्यानंद त्रयोदशी का पर्व भक्तों को विनम्रता, सेवा भाव और श्रीकृष्ण प्रेम के मार्ग पर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति की। कार्यक्रम का समापन सामूहिक आरती एवं महाप्रसाद वितरण के साथ हुआ।

# हैबोवाल में कूड़ा निस्तारण ठप, ट्रांसफार्मर से तेल चोरी

सौरभ अरोड़ा | लुधियाना
समर न्यूज़

शनिवार सुबह हैबोवाल इलाके में नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा घरों से कूड़ा एकत्र किया गया, लेकिन कूड़ा निस्तारण प्लांट में बिजली न होने के कारण काम रुक गया। प्लांट पर लाइट न होने से कूड़े से भरी सैकड़ों रेहड़ियां बाहर ही खड़ी करनी पड़ीं, जिस कारण कर्मचारी घरों से दोबारा कूड़ा उठाने नहीं जा सके।इस स्थिति से नाराज मोहल्लेवासियों ने कर्मचारियों पर गुस्सा जताया और आरोप लगाए कि वे जानबूझकर कूड़ा उठाने नहीं आए। बाद में जानकारी सामने आई कि जिस ट्रांसफार्मर से कूड़ा प्लांट को बिजली सप्लाई होती है, उसमें से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ट्रांसफार्मर का तेल चोरी कर लिया गया था। तेल न होने के कारण बिजली की सप्लाई बंद हो गई और पूरा कार्य ठप हो गया।घटना की सूचना तुरंत बिजली विभाग को दी गई।

बिजली विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर ट्रांसफार्मर में तेल डाला, जिसके बाद बिजली सप्लाई बहाल हुई और कूड़ा निस्तारण का काम दोबारा शुरू किया गया।नगर निगम कर्मचारियों ने बताया कि ताजपुर रोड इलाके में भी एक दिन पहले इसी तरह की घटना हो चुकी है। ट्रांसफार्मर से तेल चोरी की घटनाओं से कूड़ा प्रबंधन व्यवस्था बार-बार प्रभावित हो रही है, जिससे आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

श्रद्धांजलि

शहर की सभी राजनीतिक, धार्मिक, समाजिक, उद्योगिक व पत्रकार जगत के प्रतिनिधियों ने की शोकग्रस्त परिवार के साथ संवेदना व्यक्त

# सैकड़ों नम आंखों ने दी दिवंगत हनी मल्होत्रा को पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

अमर उजाला के वरिष्ठ पत्रकार विकास मल्होत्रा के बड़े भाई हनी मल्होत्रा (45) का आकस्मिक निधन 19 जनवरी को हृदय गति रुकने के कारण हो गया था। हनी मल्होत्रा की आत्मिक शांति के लिये रखे गये श्री गरुड़ पुराण पाठ का भोग और रस्म पगड़ी 31 जनवरी शनिवार को दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक अभिषेक चोपड़ा हाल, प्राचीन गऊशाला,डिवीजन नंबर-3 में सम्पन्न हुई। श्रद्धांजलि सभा में शहर की विभिन्न राजनीतिक,व्यापारिक,सामाजिक व धार्मिक संस्था व पत्रकार जगत के प्रतिनिधियों ने स्वर्गीय हनी मल्होत्रा को अपनी भाव भीनी श्रधांजलि भेंट कर श्रद्धासुमन अर्पित किया,और शोक ग्रस्त परिवार के सदस्यों के साथ अपनी संवेदना प्रकट की।



प्रवचन देते हुए पंडित चंद्र प्रकाश। -समर न्यूज़





श्रद्धांजलि सभा में श्री गरूड़ पुराण जी के पाठ के भोग के समय प्रवचन के दौरान पंडित चंद्र प्रकाश ने कहा कि आत्मा अजर,अमर है मृत्यु केवल शरीर की होती है जिस प्रकार मनुष्य कपड़े पुराने होने के बाद बदलता है उसी प्रकार आत्मा भी एक शरीर को छोड़ दूसरे शरीर में चली जाती है मनुष्य को चाहिये की वो 84 लाख योनियो के बाद मिली इस मानुष जीवन में सदैव अच्छे कर्म करे ताकि वो मरण जनम के इस इस चक्र से मुक्त हो सके। श्रद्धांजलि सभा के अंत में आरती के पश्चात स्वर्गीय हनी मल्होत्रा के सपुत्र को पंडित जी द्वारा मंत्रोचरन कर रस्म पगड़ी की रस्म अदा की गई। हनी मल्होत्रा अपने पीछे अपनी पत्नी वंदना मल्होत्रा और दो पुत्र वैभव मल्होत्रा,प्रयाग मल्होत्रा,वृद्ध पिता राकेश मल्होत्रा और माता मधु मल्होत्रा,भाई सुनील मल्होत्रा,हर्ष मल्होत्रा सहित भरे पुर परिवार को छोड़ गए। उनकी श्रद्धांजलि में हल्का पूर्वी से विधायक दलजीत ग्रेवाल भोला,द समर न्यूज के एमदी अर्शदीप सिंह समर,सैनी सवेरा के ब्यूरो चीफ नीरज मैनरा,पूर्व विधायक व जिला प्रधान संजय तलवाड़,पूर्व विधायक सुरिंदर डाबर,शिव सेना पंजाब के चेयरमैन राजीव टंडन,संघ नेता राम गोपाल,कांग्रेस नेता सुशील कपूर भाजपा नेता हर्ष शर्मा, भाजपा नेता संजीव चौधरीपार्षद गौरवजीत गोरा, पार्षद अश्वनी शर्मा गोभी, पार्षद श्याम सुंदर मल्होत्रा, पार्षद अरुण शर्मा, एडवोकेट आर के मौर्या, बर्फानी सेवा समिति के प्रधान बलदेव अरोड़ा, हरीश चावला हनुमान गढ़, राकेश कपूर संजीव चौधरी राजीव पुरुषार्थ, अशोक थापर, अशोक मल्होत्रा, अशोक सूद, अशोक मल्होत्रा, वरिष्ठ पत्रकार मोहित श्रीवास्तव, गौतम जालंधरी, गगन अरोड़ा, पवन महाजन, दिलबाग दानिश,वरुण भाटिया, अरुण सरीन, जजप्रीत सिंह जज, रजिंदर सिह, वरिंदर मोदगिल, शिवेंद्र पुरुषार्थी, निखिल भारद्वाज, राजीव शर्मा, अश्वनी धीमान, हिमांशु महाजन, मुनीष शर्मा, रविन्दर कुमार, लक्की मेहता, इक़बाल हैप्पी सहित सैकड़ो की संख्या में उपस्थित जनसमूह ने हनी मल्होत्रा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि भेंट कर शोक ग्रस्त परिवार के साथ अपनी सवेंदना व्यक्त की।

# बीसीएम स्कूल में सम्मान समारोह

अकाश मांडी | लुधियाना
समर न्यूज़

सनातन सेवा समिति पंजाब और वेद प्रचार मंडल के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को बीसीएम स्कूल में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के 296 स्कूलों ने भाग लिया और विद्यार्थियों ने कला व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी को प्रभावित किया। मुख्य अतिथि पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान ने हाल ही में गृह मंत्री से शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी मांगें रखी हैं। उन्होंने बताया कि 107 सरकारी स्कूलों में सौंदर्यीकरण कार्य जारी है। विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए बैंस ने कहा कि सरकारी स्कूलों के सुधार का विरोध करना उचित नहीं है। विशेष अतिथि मनीष सिसोदिया और बीसीएम फाउंडेशन के ट्रस्टी सुरेश मुंजाल ने भी विद्यार्थियों की सराहना कर उन्हें सम्मानित किया।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 147